सत्यमेव जयते

# बिहार विधान सभा

## की

## सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति

## का

## 207वाँ प्रतिवेदन

भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का 31 मार्च, 2017 को समाप्त हुये वर्ष का प्रतिवेदन (वाणिज्यिक) की बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड से संबंधित कंडिका संख्या 3.4 पर समिति का 207वाँ प्रतिवेदन ।

(दिनांक 23/7/19 ई0 को सदन में उपस्थापित) ।

# विषय-सूची


| | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति का गठन वर्ष 2018—20 | .. | क |
| 2. सभा सचिवालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण/प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) कार्यालय/विभागीय पदाधिकारीगण/निगम के पदाधिकारीगण। | .. | ख |
| 3. प्राक्कथन | .. | ग |
| 4. प्रतिवेदन | .. | 1-2 |
| 5. परिशिष्ट | .. | 3-10 |
| 6. कार्यवाही | .. | 11-12 |

## बिहार विधान सभा सचिवालय

------

सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति का वर्ष 2018—20 तक की अवधि के लिये गठित माननीय सदस्यों की सूची ।

**सभापति**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री हरिनारायण सिंह | स०वि०स० |

**सदस्यगण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री नरेन्द्र नारायण यादव | स०वि०स० |
| 2. | श्री रामदेव राय | स०वि०स० |
| 3. | श्री श्रीनारायण यादव | स०वि०स० |
| 4. | श्री अनिल सिंह | स०वि०स० |
| 5. | श्री ललन पासवान | स०वि०स० |
| 6. | श्री नीरज कुमार | स०वि०स० |
| 7. | श्री आलोक कुमार मेहता | स०वि०स० |
| 8. | श्री मुनेश्वर चौधरी | स०वि०स० |
| 9. | श्री रामचन्द्र सहनी | स०वि०स० |
| 10. | श्री रामचन्द्र भारती | स०वि०प० |
| 11. | श्री संजीव श्याम सिंह | स०वि०प० |
| 12. | श्री संजय प्रसाद | स०वि०प० |

ख

## बिहार विधान सभा सचिवालय

| | |
|---|---|
| 1. श्री बटेश्वरनाथ पाण्डेय | सचिव |
| 2. श्री भूदेव राय | निदेशक |
| 3. श्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव | अवर-सचिव |
| 4. श्री अमरेन्द्र कुमार सिंह | सहायक |
| 5. श्री अभितेष कुमार | सहायक |

## प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) कार्यालय

| | |
|---|---|
| 1. श्री नीलोत्पल गोस्वामी | प्रधान महालेखाकार |
| 2. श्री आदर्श अग्रवाल | उप-महालेखाकार |
| 3. श्री अभिषेक कुमार | सहायक उप-महालेखाकार |
| 4. श्री अजीत कुमार | सहायक महालेखाकार |
| 5. श्री सुजय कुमार सिन्हा | व०ले०प०अ०(वा०प्र०) |
| 6. श्री कुमार विकास | स०ले०प०अ०/कोपू |

## पथ निर्माण विभाग

| | |
|---|---|
| 1. श्री लक्ष्मी कांत दास | अभियन्ता प्रमुख |
| 2. श्री आनन्द भैरव प्रसाद | अ०प्र० के सचिव (प्रावे) |

## बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड

| | |
|---|---|
| 1. श्री ज्योति भूषण श्रीवास्तव | महाप्रबंधक–1 |
| 2. श्री सुरेश कुमार | महाप्रबंधक–1 |

## प्राक्कथन

मैं, सभापति, सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति की हैसियत से बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड से संबंधित भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का 31 मार्च, 2017 को समाप्त हुये वर्ष का प्रतिवेदन (वाणिज्यिक) की कंडिका संख्या 3.4 पर सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति का प्रतिवेदन संख्या 207वाँ प्रस्तुत करता हूँ ।

यह प्रतिवेदन दिनांक 29 मार्च, 2019 की बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया है ।

समिति का 207वाँ प्रतिवेदन तैयार करने के क्रम में प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड एवं सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने अथक परिश्रम से समिति को जो सहयोग दिया है वह सराहनीय है। इसके लिये मैं उन्हें धन्यवाद देता हूँ ।

समिति के माननीय सदस्यगणों ने अपना बहुमूल्य समय देकर प्रतिवेदन तैयार करने में जो सहयोग किया है, मैं उनका आभारी हूँ और इस कार्य हेतु मैं उन्हें अपनी ओर से धन्यवाद देता हूँ ।

---

हरिनारायण सिंह,
सभापति,
सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति,
बिहार विधान सभा ।

पटना :
दिनांक 29 मार्च, 2019 (ई०) ।

# प्रतिवेदन

सी०ए०जी० का 31 मार्च, 2017 को समाप्त हुये वर्ष के लिये (वाणिज्यिक) प्रतिवेदन की पृष्ठ संख्या 59 एवं 60 पर द्रष्टव्य।

## 3.4 उपहार पर परिहार्य व्यय

**कम्पनियों द्वारा वित्तीय औचित्य की कसौटी की अवहेलना करते हुए उपहार की सामग्रियों पर ₹ 2.06 करोड़ का परिहार्य व्यय किया गया ।**

अभिलेखों के जाँच (नवम्बर 2016 से जून 2017) से यह प्रकट हुआ कि छः सरकारी कम्पनियों ने 2014 से 2016 के दौरान निदेशक मंडल के संकल्प के अनुसार ₹ 2.06 करोड़ के उपहार खरीदें तथा इन्हें विधान सभा/विधान मंडल के सदस्यों, पत्रकारों, वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को वितरित किया, जिसका विवरण निम्नांकित हैं:

| क्र० सं० | कम्पनी का नाम | वर्ष | सामग्री | मात्रा | राशि (₹ लाख में) | कुल (₹ लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड | 2014 | कलाई घड़ी | 450 | 16.63 | 51.60 |
| | | 2015 | मोबाईल | 350 | 34.97 | |
| 2. | बिहार राज्य बिवरेजेज निगम लिमिटेड | 2015 | ब्रीफकेस | 400 | 10.00 | 10.00 |
| 3. | बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड | 2016 | मोबाईल | 400 | 34.00 | 34.00 |
| 4. | बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड | 2014 | मोबाईल | 338 | 15.44 | 56.44 |
| | | 2015 | ब्रीफकेस | 363 | 15.00 | |
| | | 2016 | ब्रीफकेस | 400 | 26.00 | |
| 5. | बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड | 2014 | कैमरा | 175 | 18.60 | 36.31 |
| | | 2015 | कलाई घड़ी | 175 | 17.71 | |
| 6. | बिहार राज्य पाठ्य पुस्तक प्रकाशन निगम लिमिटेड | 2015 | कलाई घड़ी | 175 | 17.71 | 17.71 |
| कुल | | | | | | 206.06 |

एक कम्पनी के प्रबन्धन अर्थात् बिहार राज्य बेवरेजेज निगम लिमिटेड ने बताया (मार्च 2017) कि उपहार की सामग्रियों पर व्यय विभाग[12] के निर्देशानुसार तथा निदेशक मंडल के अनुमोदनोप्रांत किया गया था।

कम्पनी का जवाब मान्य नहीं है क्यूँकि यह व्यय वित्तीय औचित्य की कसौटी की अवहेलना करती है तथा यह कम्पनी के उद्देश्यों को बढ़ावा नहीं देती है।

मामला कम्पनियों (मई 2017 तथा सितम्बर 2017) तथा सरकार (मई 2017 तथा सितम्बर 2017) को प्रतिवेदित किया गया, जवाब प्रतीक्षित है (मार्च 2018) ।

---

12 निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, बिहार सरकार।

## विभागीय उत्तर

बजट सत्र के दौरान विधान सभा/विधान मंडल के माननीय सदस्यों को बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा मोबाईल हैंडसेट प्रदान किया गया। यह उल्लेखित करना है कि बजट सत्र के दौरान पथ निर्माण विभाग का बजट भी पेश किया जाता है, जिसमें बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड का बजट भी शामिल होता है। चूँकि विधान सभा/विधान मंडल के माननीय सदस्य राज्य के लोगों के द्वारा प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से चुने हुए प्रतिनिधि होते हैं। अतः उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के साथ संवाद करने और राज्य के हित में निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं को हल करने के लिए मोबाईल हैण्डसेट प्रदान किया गया था। चूँकि सड़क स्थानीय लोगों के लिए प्रमुख कारण है एवं सड़क की स्थिति के संबंध में लोगों के प्रतिनिधियों के साथ सीधे संवाद की जा सकती है। यह निगम के व्यापार में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मदद करता है, जो कम्पनी के उपलब्धि को भी चिन्हित करता है।

ओ0पी0आर0एम0सी0 के अंतर्गत पथ निर्माण विभाग की सड़कों का संधारण किया जा रहा है, जिसमें आम जनता से भी सड़कों के संधारण के संबंध में सूचनाएं प्राप्त की जाती है। इसके अलावा कई मामलों की आवश्यक मंजूरी हेतु विधायिका के विभिन्न समितियों में भेजी जाती है। अतः कम्पनी के व्यापार को बढ़ावा देने हेतु विधान सभा/विधान मंडल के माननीय सदस्यों को मोबाईल हैण्डसेट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के पत्रांक– 79 (अनु0), दिनांक–07.01.2019 द्वारा विभागीय उत्तर प्राप्त।

(परिशिष्ट पृष्ठ संख्या– 3 से 10 तक द्रष्टव्य)

## समिति की अनुशंसा/निर्णय

दिनांक 10.01.2019 की बैठक में समिति द्वारा इस कंडिका को निष्पादित किया गया।

दिनांक–10.01.2019 की बैठक की कार्यवाही परिशिष्ट पृष्ठ संख्या–12 पर द्रष्टव्य।

(हरिनारायण सिंह)
सभापति
सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति
बिहार विधान सभा ।

पटना :
दिनांक :– **29 मार्च, 2019**

# परिशिष्ट

# बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)

प०नि०वि० यांत्रिक कर्मशाला परिसर (पटना हवाई अड्डा के नजदीक)

शेखपुरा, पटना–800014, दूरभाष नं० – 0612–2226711, फैक्स नं०– 0612–2226723


पत्रांकः BSRDC Ltd-516/2010/(Part-III)/2017 – 79 (अनु०) पटना, दिनांकः 07-01-2019

प्रेषक,

सुरेश कुमार,
महाप्रबंधक (परियोजना–2)

सेवा में,

श्री भुदेव राय,
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।

विषयः बिहार विधान सभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति की मुख्य समिति की बैठक की सूचना के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक —स०उ०स० –20 / 2018 –5482 / वि०स० दिनांक–31.12.2018.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक के प्रतिवेदन (वाणिज्यिक) वर्ष 2015–16 की कंडिका संख्या–3.12 एवं वर्ष 2016–17 की कंडिका संख्या 3.4 का अद्यतन उत्तर प्रतिवेदन की 15 (पन्द्रह प्रतियाँ) अग्रतर कार्रवाई हेतु संलग्न किया जा रहा है।

अनु०–यथोक्त 15 (पन्द्रह प्रतियाँ)।

विश्वासभाजन

07.01.19

(सुरेश कुमार)

# बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना

| कंडिका सं0 | 31 मार्च 2017 को समाप्त हुए वर्ष के लिए सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन | प्रबंधन का उत्तर प्रतिवेदन |
|---|---|---|

**3.4**

**उपहार पर परिहार्य व्यय**

> कम्पनियों द्वारा वित्तीय औचित्य की कसौटी की अवहेलना करते हुए उपहार की सामग्रियों पर रू0 2.06 करोड़ का परिहार्य व्यय किया गया।

अभिलेखों के जाँच (नवम्बर 2016 से जून 2017) से यह प्रकट हुआ कि छः सरकारी कम्पनियों ने 2014 से 2016 के दौरान निदेशक मंडल के संकल्प के अनुसार रू0 2.06 करोड़ के उपहार खरीदें तथा इन्हें विधान सभा/विधान मंडल के सदस्यों, पत्रकारों, वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को वितरित किया, जिसका विवरण निम्नांकित है :-

| क्रम सं0 | कम्पनी का नाम | वर्ष | सामग्री | मात्रा | राशि (रू0 लाख में) | कुल (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड | 2014 | कलाई घड़ी | 450 | 16.63 | 51.60 |
| | | 2015 | मोबाईल | 350 | 34.97 | |
| 2 | बिहार राज्य बेवरेजेज निगम लिमिटेड | 2015 | ब्रीफकेस | 400 | 10.00 | 10.00 |
| 3 | बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड | 2016 | मोबाईल | 400 | 34.00 | 34.00 |
| 4 | बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड | 2014 | मोबाईल | 338 | 15.44 | 56.44 |
| | | 2015 | ब्रीफकेस | 363 | 15.00 | |
| | | 2016 | ब्रीफकेस | 400 | 26.00 | |
| 5 | बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड | 2014 | कैमरा | 175 | 26.00 | 36.31 |
| | | 2015 | कलाई घड़ी | 175 | 18.60 | |
| 6 | बिहार राज्य पाठ्य पुस्तक प्रकाशन निगम लिमिटेड | 2015 | कलाई घड़ी | 175 | 17.71 | 17.71 |
| कुल | | | | | | 206.06 |

एक कम्पनी के प्रबंधन अर्थात् बिहार राज्य बेवरेजेज निगम लिमिटेड ने बताया (मार्च 2017) कि उपहार की सामग्रियों पर व्यय विभाग के निर्देशानुसार तथा निदेशक मंडल के अनुमोदनोपरांत किया गया था।

कम्पनी का जवाब मान्य नहीं है क्योंकि यह व्यय वित्तीय औचित्य की कसौटी की अवहेलना करती है तथा यह कम्पनी के उद्देश्यों को बढ़ावा नहीं देती है।

मामला कम्पनियों (मई 2017 तथा सितम्बर 2017) तथा सरकार (मई 2017 तथा सितम्बर 2017) को प्रतिवेदित किया गया, जवाब प्रतीक्षित है (मार्च 2018)।

**प्रबंधन का उत्तर प्रतिवेदन:**

बजट सत्र के दौरान विधान सभा/विधान मंडल के माननीय सदस्यों को बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0 द्वारा मोबाईल हैंडसेट प्रदान किया गया। यह उल्लेखित करना है कि बजट सत्र के दौरान पथ निर्माण विभाग का बजट भी पेश किया जाता है, जिसमें बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0 का बजट भी शामिल होता है। चूँकि विधान सभा/विधान मंडल के माननीय सदस्य राज्य के लोगों के द्वारा प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से चुने हुए प्रतिनिधि होते हैं। अतः उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के साथ संवाद करने और राज्य के हित में निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं को हल करने के लिए मोबाईल हैण्डसेट प्रदान किया गया था। चूँकि सड़क स्थानीय लोगों के लिए प्रमुख कारण है एवं सड़क की स्थिति के संबंध में लोगों के प्रतिनिधियों के साथ सीधे संवाद की जा सकती है। यह निगम के व्यापार में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मदद् करता है, जो कम्पनी के उपलब्धि को भी चिन्हित करता है।

ओ0पी0आर0एम0सी0 के अन्तर्गत पथ निर्माण विभाग की सड़कों का संधारण किया जा रहा है, जिसमें आम जनता से भी सड़कों के संधारण के संबंध में सूचनाएं प्राप्त की जाती है। इसके अलावा कई मामलों की आवश्यक मंजूरी हेतु विधायिका के विभिन्न समितियों में भेजी जाती है। अतः कम्पनी के व्यापार को बढ़ावा देने हेतु विधान सभा/विधान मंडल के माननीय सदस्यों को मोबाईल हैण्डसेट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

# बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
प०नि०वि० यांत्रिक कर्मशाला परिसर (पटना हवाई अड्डा के नजदीक)
शेखपुरा, पटना–800014, दूरभाष नं० – 0612–2226711, फैक्स नं०– 0612–2226723


पत्रांक: BSRDC Ltd-516/2010(Part-I)/2014 – 2601 (कार्य) पटना, दिनांक: 20-8-18

प्रेषक,

मुख्य महाप्रबंधक,
बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०,
पटना।

सेवा में,

महालेखाकार,
(ले० एवं हक),
भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग,
कार्यालय, प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार
वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना–

विषय: "The Companies incurred an avoidable expenditure of Rs.2.06 crore on gift items contravening the canons of financial propriety." से संबंधित महालेखाकार की कंडिका–3.4/2016–17 का अनुपालन प्रतिवेदन के संबंध में।

प्रसंग: आपका पत्रांक–प्र0–6/प्रारूप कंडिका–03–01/2018 –5471(E) पटना, दिनांक–02.08.2018

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि उक्त से संबंधित कंडिका का उत्तर प्रतिवेदन इस कार्यालय के पत्रांक–BSRDCLtd.-516/2010(Part-I)/2014-1276(we) पटना,दिनांक– 06.06.17 (छायाप्रति संलग्न), पत्रांक–BSRDCLtd.-516/2010(Part-I)/2014 -2448(we) पटना, दिनांक–09.10.2017 (छायाप्रति संलग्न) एवं पत्रांक–BSRDCLtd.-516/2010(Part-I)/2014 -1581(we) पटना, दिनांक–31.05.2018 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा पूर्व में उपलब्ध कराई गयी थी। पुनः सुलभ प्रसंग हेतु कंडिका के उत्तर प्रतिवेदन की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न की जा रही है।

सधन्यवाद्।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन

(मुख्य महाप्रबंधक)

ज्ञापांक BSRDC Ltd-516/2010(Part-I)/2014 – 2601 पटना, दिनांक: 20-8-2018

प्रतिलिपि: अभियन्ता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, पथ निर्माण विभाग, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

(मुख्य महाप्रबंधक)

# बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)

प०नि०वि० यांत्रिक कर्मशाला परिसर (पटना हवाई अड्डा के नजदीक)

शेखपुरा, पटना–800014, दूरभाष नं० – 0612–2226711, फैक्स नं०– 0612–2226723


पत्रांक: BSRDC Ltd- 516/2010(Part-I)/2014- 1581 (क्रo) पटना, दिनांक: 31-05-2

प्रेषक,

अमृत लाल मीणा, भा०प्र०से०,
प्रबंध निदेशक,
बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०,
पटना।

सेवा में,

वरीय लेखा परीक्षा अधिकारी / प्रतिवेदन (वाणिज्यिक)
महालेखाकार (लेखापरीक्षा), बिहार
वीरचन्द पटेल मार्ग,
पटना–800001 ।

विषय: "The companies incurred an avoidable expenditure of Rs. 2.06 crore on gift items contravening the canons of financial propriety" विषय पर प्रारूप कंडिका का उत्तर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग: आपका ज्ञापांक– प्रतिवेदन (वा०) / ए०आर०(सा०क्षे०उ०)2016–17 / 2018–19 / 28, दिनांक–14.05.2018

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि उक्त से संबंधित कंडिका का उत्तर प्रतिवेदन इस कार्यालय के पत्रांक–BSRDCLtd.-516/2010(PartI)/2014-1276(we) पटना, दिनांक–06.06.2017 (छायाप्रति संलग्न) एवं पत्रांक–BSRDCLtd.-516/2010(PartI)/2014 -2448(we) पटना, दिनांक–09.10.2017 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा पूर्व में उपलब्ध कराई गयी थी। पुनः सुलभ प्रसंग हेतु कंडिका के उत्तर प्रतिवेदन की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है।

सधन्यवाद।

अनु०–यथोक्त।

विश्वासभाजन

(अमृत लाल मीणा)

पत्रांक: BSRDC Ltd-516/2010(Part-I)/2014- 1581 पटना, दिनांक: 31-05-20

प्रतिलिपि :– अभियन्ता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, पथ निर्माण विभाग, विश्वेश्वरैया भवन, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अमृत लाल मीणा)
प्रबंध निदेशक

# बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)

प०नि०वि० यांत्रिक कर्मशाला परिसर (पटना हवाई अड्डा के नजदीक)

शेखपुरा, पटना–800014, दूरभाष नं० – 0612–2226711, फैक्स नं०– 0612–2226723


पत्रांक: BSRDC Ltd- 516/2010(Part-I)/2014- 2448 (wi) पटना, दिनांक:-09.10.17

प्रेषक,

अमृत लाल मीणा, भा०प्र०से०,
प्रधान सचिव–सह–प्रबंध निदेशक,
बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०,
पटना।

सेवा में,

महालेखाकार (लेखापरीक्षा),
भारतीय लेखा तथा लेखा परीक्षा विभाग,
कार्यालय, वीरचन्द पटेल मार्ग,
पटना–800001 ।

विषय: महालेखाकार (लेखापरीक्षा), बिहार, पटना की **"The companies incurred an avoidable expenditure of Rs.1.60 crore on gift items which was in contravention of the provisions of the Companies Act, 2013 as also against the canons of financial propriety"** विषय पर प्रारूप कंडिका का उत्तर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग: आपका पत्रांक– प्रतिवेदन (वा०)/ए०आर०(सा०क्षे०उ०)2016–17/2017–18/97, दिनांक–07.09.2017.

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि उक्त से संबंधित कंडिका का उत्तर प्रतिवेदन इस कार्यालय का पत्रांक–BSRDCLtd.-516/2010(PartI)/2014-1276(we) पटना, दिनांक–06.06.2017(छायाप्रति संलग्न) द्वारा पूर्व में उपलब्ध करा दी गयी है। पुनः पूर्व में उपलब्ध करायी गयी कंडिका के उत्तर प्रतिवेदन की छायाप्रति इसके साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जा रही है।

अनु०–यथोक्त।

विश्वासभाजन

(अमृत लाल मीणा)

संख्या प्रतिवेदन HQ/ प्र०भाग(सा०क्षे०उ०) 2016-17
No. 2017-18/54

भारतीय लेखा तथा लेखा परीक्षा विभाग
कार्यालय, महालेखाकार (लेखापरीक्षा), बिहार
वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना-800 001

Indian Audit & Accounts Department
Office of the Accountant General (Audit), Bihar
Birchand Patel Marg, Patna-800 001

दिनांक/Date 12-09-2017

स्मार पत्र

सेवा में,
श्री अमृत लाल मीणा, भा०प्र०से०,
प्रधान सचिव,
पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार,
विश्वेश्वरैय्या भवन प्रांगण,
बेली रोड, पटना-800 015

महोदय,

अर्द्ध० शा० पत्र सं०- प्रतिवेदन (वाणिज्यिक)/ले०प०प्र० (सा०क्षे०उ०)/2016-17/2017-18/16 दिनांक 18.05.2017 के संदर्भ में नीचे वर्णित विषय पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

| The companies incurred an avoidable expenditure of ₹ 2.06 crore on gift items which was in contravention of the provisions of the Companies Act, 2013 and also against the canons of financial propriety. |
|---|

इस संदर्भ के अन्तर्गत प्रेषित पत्र के साथ संलग्न प्रारूप कंडिका का उत्तर, पत्र निर्गत होने के छः सप्ताह के भीतर प्रस्तुत किया जाना था, परन्तु यह अबतक अप्राप्त है। लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में उत्तर के बिना कंडिका शामिल किए जाने से असंतुलित प्रतिवेदन के साथ-साथ कोपू में विचार विमर्श के समय कठिनता होती है।

अतः निवेदन है कि उत्तर एक सप्ताह के भीतर भिजवाना सुनिश्चित करें जिससे कंडिका में उत्तर शामिल कर निष्पक्ष सार्थक मूल्यांकन किया जा सके।

महालेखाकार (लेखापरीक्षा), बिहार

दूरभाष/Phone - 2221226, 2228325, 2223194, 2221941
ई.पी.ए.बी.एक्स./EPABX-2223757, 2228320
फैक्स/Fax : 0612-250 6223
ई.मेल/E-mail-agaubihar@cag.gov.in
पो० बॉक्स/P.B.No.-47

# बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)

प०नि०वि० यांत्रिक कर्मशाला परिसर (पटना हवाई अड्डा के नजदीक)

शेखपुरा, पटना-800014, दूरभाष नं० – 0612-2226711, फैक्स नं०– 0612-2226723


पत्रांक :– BSRDC Ltd.- 516/2010 (Part-I)/2014 -1276 (wo) पटना, दिनांक :- 06.06.17

प्रेषक,

चन्द्रशेखर,
मुख्य महाप्रबंधक

सेवा में,

वरीय लेखा परीक्षा अधिकारी /प्रतिवेदन (वाणिज्यिक)
महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार
वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना – 800 001

विषय : The companies incurred an avoidable expenditure of Rs. 1.60 crore on gift items which was in contravention of the provisions of the companies Act, 2013 as alsoagainst the canons of financial propriety.

प्रसंग : आपका ज्ञापांक-प्रतिवेदन (वा०)/ए०आर०(सा०क्षे०उ०) 2016-17/2017-18/18 दिनांक 18.05.2017

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा प्राप्त कंडिका के आलोक में निदेशानुसार उत्तर प्रतिवेदन इस पत्र के साथ संलग्न कर अग्रत्तर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है।

कृपया ।

अनु० :– यथोक्त।

विश्वासभाजन

(चन्द्रशेखर)
6.6.17

ज्ञापांक :– BSRDC Ltd.-516/2010 (Part-I)/2014 -1276(wo) पटना, दिनांक :- 06.06.17

प्रतिलिपि :– अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

अनु० :– यथोक्त।

(चन्द्रशेखर)
6.6.17

## Bihar State Road Development Corporation Limited, Patna
## Management Reply of Audit Para

**Audit Para**

*Avoidable expenditure on gift items*

> The companies incurred an avoidable expenditure of Rs. 1.60 crore on gift items which was in contravention of the Provisions of the Companies Act, 2013 as also against the canons of financial propriety.

Section 166 (2) of the Companies Act, 2013 (Act) provides that a director of a company shall act in good faith in order to promote the objects of the company for the benefits of its members as a whole, and in the best interest of the company, its employees, the shareholders, the community and for the protection of environment. Further, as per Section 166 (7) of the Act, if a director contravenes the provisions of the section, such director shall be punishable with fine which shall not be less than one lakh rupees but which may extend to five lakh rupees.

Scrutiny of records revealed that four Government Companies purchased gift items (Mobiles and Briefcases) Valuing Rs. 1.60 Crore during 2010-16 as per Board of Directors Resolution, and distributed the same to the members of Legislative Assembly / Council (MLAs/MLCs), press reporters, senior officers and other dignitaries during 2010-16. As the expenditure incurred on purchase of these gift items were not directly or indirectly related to the business of the Companies or welfare of their employees or the community or for the protection of environment, the expenditure was not in furtherance of the objectives of the companies and thus contravened the provision of the Act. Besides, it was also against the canons of financial propriety and, therefore, avoidable. The Board of Director of the companies thus, failed in its duty to prevent such expenditure which led to an avoidable expenditure of Rs. 1.60 crore to the companies (Annexure).

Management of one company, viz. Bihar State Beverages Corporation Limited replied (March 2017) that the expenditure of Rs. 43.46 lakh on gift items was incurred by the company on the direction of the department and was duly approved by the Board of Director, and hence it was not irregular.

The reply of the management is not acceptable as the expenditure was not in furtherance of the objectives of the company, and was ultra vires the provisions of the Act.

**Annexure**

**Details of expenditure incurred on gift items**

| Sl. No. | Name of Company | Year | Items | Quantity | Amount (Rs. in lakh) | Total (Rs. in lakh) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bihar Rajya Pul Nirman Nigam Limited | 2014 | Wrist Watch | 450 | 16.63 | 51.60 |
| | | 2015 | Mobile | 350 | 34.97 | |
| 2 | Bihar State Beverages Corporation Limited | 2010 | Briefcase | 437 | 4.48 | 43.46 |
| | | 2012 | Briefcase | 437 | 10.05 | |
| | | 2013 | Briefcase | 397 | 14.93 | |
| | | 2015 | Briefcase | 400 | 10.00 | |
| 3 | Bihar State Road Development Corporation Limited | 2016 | Mobile | 400 | 34.00 | 34.00 |
| 4 | Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Limited | 2014 | Mobile | 338 | 15.44 | 30.44 |
| | | 2015 | Briefcase | 363 | 15.00 | |
| | | | | | Total :- | 159.50 |

**Management Reply**

BSRDCL provided Mobile Handsets to Hon'ble Member of Legislatures during the Budget Session. It is to notice that during budget session the budget of Road Construction Department is tabled which includes Bihar State Road Development Corporation ltd also.

Since the member of Legislatures are elected directly or indirectly by the people of State. The provisions of mobile handsets were to facilitate the communication of elected representatives with the departmental official and people of their constituency and further to solve the problems of the constituency.

Since Road is one of the major area of concern for local people and the status of road can be directly communicated with the representatives of the people.

This helped in promotion of the business of the corporation directly or indirectly further also highlighted the achievement of our company. More so under OPRMC the members are expected to give feed back to department on condition of road.

Besides, several matters go to various committees of Legislatures for necessary approvals. Thus, the decision of providing mobile handsets to Hon'ble Legislatures thus, facilitates the business promotion of the company.

6.6.17
(Chandra Shekhar)
CGM, BSRDCL

टर्न-1/कृष्णा/

# दिनांक 10 जनवरी, 2019 के बैठक की अंश कार्यवाही

सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति की दिनांक 10.01.2019 को 3.00 बजे अप0 में सभा-सचिवालय स्थित समिति कक्ष में हुई बैठक की कार्यवाही ।

.....

उपस्थिति :

1. श्री हरि नारायण सिंह : सभापति,
2. श्री नरेन्द्र नारायण यादव : सदस्य,
3. श्री श्रीनारायण यादव : सदस्य,
4. श्री ललन पासवान : सदस्य,
5. श्री नीरज कुमार : सदस्य,
6. श्री आलोक कुमार मेहता : सदस्य,
7. श्री रामचन्द्र सहनी : सदस्य ।

महालेखाकार का कार्यालय :

1. श्री आदर्श अगरवाल,उप महालेखाकार
2. श्री सुजय कुमार सिन्हा,व0ले0प0अं0(वा0प्र0)
3. श्री कुमार विकास, स0ले0प.अं0/कोपू
4. श्री अभिषेक कुमार, सहायक महालेखाकार
5. श्री अजीत कुमार, सहायक महालेखाकार

विभागीय पदाधिकारीगण :

1.श्री लक्ष्मी कांत दास,अभियंता प्रमुख,पथ निर्माण विभाग

2.श्री आनन्द भैरव प्रसाद, अ0प्र0के सचिव (प्रावे),पथ निर्माण विभाग,

3.श्री ज्योतिभूषण श्रीवास्तव,महाप्रबंधक-1, बिहार राज्य पथ विकास निगम

4.श्री सुरेश कुमार,महाप्रबंधक-2, बिहार राज्य रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड

सभापति : भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक का कार्यालय का पत्रांक 121 दिनांक 31.12.2018 की छाया-प्रति बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम को भेजते हुए वि0प0 के आलोक में अद्यतन प्रतिवेदन की मांग की जाए ।

उत्तर प्रदेश बिहार विधान सभा की सरकारी उपकमों संबंधी समिति द्वारा उत्तर प्रदेश विधान सभा सचिवालय के ज्ञापांक 708 दिनांक 28 अगस्त,2017 एवं ज्ञाप

सभापति
सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति
बिहार विधान सभा, पटना।

टर्न-2/शंभु/स030/10.01.19/3अप0

कंडिका सं0-3.4/वर्ष-2016-17

जी0एम0 : सर, इसमें बजट सत्र के दौरान माननीय सदस्यों को कुछ-कुछ गिफ्ट देते हैं या ऐसी काम की चीज देते हैं जिसे जनता की भलाई के लिए उपयोग कर सकें । हमलोग मोबाइल सेट दिये थे और अभी के समय में जनता की सेवा के लिए मोबाइल सेट से अच्छा कुछ नहीं होगा- खासकर के ओ0पी0आर0एम0सी0 चल रहा है और सारा फोन नंबर पब्लिक डोमेन में है । माननीय सदस्यों को पब्लिक इसके संबंध में कभी-भी कोई सूचना दे सकती है । इसीलिए माननीय सदस्यों को फोन दिये थे, अगर कहा जायेगा तो आगे से नहीं देंगे ।

सभापति : लेकिन इसमें संख्या 400 दिया हुआ है ?

जी0एम0 : सर, यह संख्या दोनों सदन मिलाकर है ।

सभापति : इसमें बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की स्वीकृति प्राप्त है ?

जी0एम0 : जी, प्राप्त है ।

सभापति : इसमें बोर्ड ऑफ डायरेक्टर से सहमति प्राप्त है और माननीय सदस्यों को सुविधा प्राप्त हो चुकी है । इसलिए इस कंडिका को ड्रॉप किया जाता है । आप बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की सहमति का पत्र उपलब्ध करा दीजिए ।

जी0एम0 : ठीक है सर, उपलब्ध करा देंगे ।

तत्पश्चात् बैठक स्थगित हुई ।

(हस्ताक्षर) 11/1/2019

सभापति
सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति
बिहार विधान सभा, पटना।

(हस्ताक्षर) शंभु कुमार

बि0स0मु0-8(एल0ए0), 2019-20 डी0टी0पी0-400